जॉन हेनरी

और उसका शक्तिशाली हथौड़ा

पैट्सी जेन्सेन

चित्र: ज़ीन लिट्ज़िंगर

जॉन हेनरी

और उसका शक्तिशाली हथौड़ा

इस कहानी का हीरो जॉन हेनरी एक काल्पनिक पात्र है. लेकिन शायद बहुत पहले कोई असली जॉन हेनरी रहा हो. कुछ लोग कहते हैं कि उसका जन्म टेनेसी में हुआ था और उसकी मृत्यु 1870 में हुई. और लोग कहते हैं कि सच में जॉन हेनरी और स्टीम ड्रिल के बीच एक बड़ी रेस हुई थी.

यह एक असामान्य कहानी है जिसे बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया है क्योंकि उसे वर्षों से लोगों ने दोहराया है और उसमें अपनी कल्पनाएं भी जोड़ी हैं. यदि कोई वास्तविक जॉन हेनरी होता, तो संभवतः वो उतना ताकतवर नहीं होता जितना कहानी में बताया गया है. हालाँकि, याद रखने योग्य महत्वपूर्ण बात, जॉन हेनरी की भावना है; जो हमें बताती है, "मैं यह काम कर सकता हूं, और मैं उस काम को अच्छी तरह से कर सकता हूं."

जॉन हेनरी अब तक का सबसे बड़ा, सबसे तेज़, सबसे मजबूत स्टील-ड्राइविंग इंसान था.

लोग कहते हैं कि जॉन हेनरी हाथ में हथौड़ा लेकर पैदा हुआ था. परन्तु यह सच नहीं है. तीन सप्ताह का होने तक उसने हथौड़ा नहीं उठाया.

लोग यह भी कहते हैं कि जब जॉन हेनरी का जन्म हुआ तो उसने अपने माता-पिता से कहा, "मैं एक स्टील-ड्राइविंग आदमी हूं. और मैं अपने हाथ में हथौड़ा लेकर ही मरूंगा." लेकिन ये भी सच नहीं है.

लेकिन उसने यह ज़रूर कहा, "मुझे भूख लगी है."

जॉन हेनरी के पहले भोजन के लिए, उसने मांस के तीन टुकड़े, मसले हुए आलू के तीन भगोने, पचास मकई के दाने और मिठाई के लिए दस एप्पल पाई खाईं.

दस मिनट बड़े बच्चे के वो लिए वो बुरा नहीं था.

जब वो चार सप्ताह का हुआ, तब जॉन हेनरी ने अपने पिता के हथौड़े को कुछ चट्टानों पर मारना शुरू किया.

"मैं एक स्टील-ड्राइविंग आदमी हूं," उसने कहा. "और मैं अपने हाथ में हथौड़ा लेकर ही मरूंगा."

जॉन हेनरी की माँ उसकी बात सुनकर नाराज़ हुईं, "मैं नहीं चाहती कि तुम एक स्टील-ड्राइवर आदमी बनो," उन्होंने कहा. "बेहतर होगा कि तुम ज़िंदगी में कुछ और करो."

और उसके बाद से जॉन हेनरी ने अपने पिता का हथौड़ा घुमाना बंद कर दिया.

लेकिन जॉन हेनरी ने बढ़ना बंद नहीं किया. वो बढ़ता गया और बढ़ता ही गया, और फिर वो बहुत विशाल बन गया.

जब जॉन हेनरी बड़ा हुआ तो उसने बहुत सारे काम किए. उसने कपास और तम्बाकू चुनी. उसने जहाजों पर टोकरे और बैरल लादे. उसने एक खच्चर चलाया.

लेकिन जॉन हेनरी को उन सब कामों से कभी भी उतना अच्छा महसूस नहीं हुआ जितना उसे हाथ में हथौड़ा चलाने से होता था.

एक दिन जॉन हेनरी ने एक खूबसूरत युवती को देखा.

उसका नाम पोली ऐन था. युवती और जॉन हेनरी एक-दूसरे को पसंद करने लगे. जल्द ही उनकी शादी हो गई.

उसने अपनी शादी के बाद पोली ऐन से कहा, "मुझे तुम्हें कुछ बताना है. मैं एक स्टील-ड्राइवर आदमी हूं. और मैं अपने हाथ में हथौड़ा लेकर मरूंगा."

पोली ऐन ने एक शब्द भी नहीं कहा. वो समझ गई कि जॉन हेनरी तब तक खुश नहीं होगा जब तक वो हथौड़ा नहीं घुमाएगा.

उसके बाद जॉन हेनरी और पोली ऐन, वेस्ट वर्जीनिया की ओर चले गए, जहां रेलमार्ग बनाए जा रहे थे.

जॉन हेनरी ने कहा, "अभी काफी काम किया जाना बाकी है. और मैं उस काम को करने वाला स्टील-ड्राइविंग आदमी बनूँगा."

तभी उन्हें लोहे को हथौड़ों से पीटने की आवाज़ सुनाई दी. वैगन ने एक आखिरी मोड़ लिया, और जॉन हेनरी को एक सुंदर दृश्य दिखाई दिया.

नीचे घाटी में सैकड़ों आदमी हथौड़े मार रहे थे और गा रहे थे. वे चेसापीक और ओहियो रेलमार्ग के लिए बिग-बेंड सुरंग का निर्माण कर रहे थे. सुरंग एक बड़े पहाड़ के ठीक बीच से होकर जाने वाली थी.

जॉन हेनरी सीधे बॉस के पास गया.

उसका नाम कैप्टन टॉमी था.

"कैप्टन," जॉन हेनरी ने कहा, "मैं यहाँ पर आपके लिए स्टील पीटने के लिए आया हूं."

कैप्टन टॉमी ने जॉन हेनरी पर केवल एक नज़र डाली. वो समझ गए कि जॉन हेनरी सबसे बड़ा, सबसे ताकतवर, सबसे तेज़ स्टील-ड्राइविंग आदमी था.

बेशक, जॉन हेनरी अन्य लोगों की तरह दस पाउंड का हथोड़ा इस्तेमाल नहीं करता था. उसके हथौड़े का वजन, तीस पाउंड का था और कोई अन्य आदमी उसे घुमा नहीं सकता था.

लेकिन एक महिला उसे घुमा सकती थी. कभी-कभार, जब जॉन हेनरी को ज़ुखाम हो जाता था, तो पोली ऐन उसकी जगह ले लेती थी. और लोगों का कहना था की पोली ऐन भी, जॉन हेनरी जितनी ही तेजी से स्टील पीट सकती थी.

एक दिन फैंसी कपड़े पहने एक आदमी रेलवे कैंप में आया. वो एक अजीब मशीन लाया था.

"यह एक स्टीम ड्रिल है," उसने कैप्टन टॉमी से कहा. "यह आधे समय में पांच आदमियों का काम कर सकती है."

कैप्टन टॉमी उसकी बात सुनकर हँसे. "मुझे आपकी मशीन को हराने के लिए पांच लोगों की आवश्यकता नहीं है. मेरे पास यहां एक ऐसा आदमी है जो आपकी मशीन को अकेले ही हरा सकता है."

दोनों व्यक्तियों ने शर्त लगायी. कौन तेजी से ड्रिल कर सकता है - स्टीम ड्रिल या जॉन हेनरी?

जॉन हेनरी ने कहा, "कोई भी मशीन मुझ जैसे आदमी को हरा नहीं सकती है. मैं इसे साबित करूंगा."

बाहर से आए आदमी ने स्टीम ड्रिल चालू कर दी. जॉन हेनरी ने अपना बड़ा हथौड़ा उठाया. फिर रेस शुरू हुई.

घंटे-दर-घंटे स्टीम ड्रिल चलती रही. जॉन हेनरी भी अपना हथोड़ा चलाता रहा.

"कौन जीत रहा है?" जॉन हेनरी ने आख़िरकार पूछा.

कैप्टन टॉमी ने कहा, "दोनों लगभग बराबर है."
जॉन हेनरी ने कहा, "कोई भी मशीन मुझे जैसे आदमी को हरा नहीं सकती है."

जॉन हेनरी ने दूसरा तीस पाउंड का हथौड़ा उठाया. फिर वो अपनी पूरी ताकत से दोनों हथौड़ों को घुमाने लगा.

आख़िरकार, जज ने सीटी बजाई. रेस ख़त्म हो चुकी थी. जॉन हेनरी विजेता घोषित हुआ था!

जब रेलकर्मी खुश हुए तो जॉन हेनरी मुस्कुराया. फिर वो हाथ में हथौड़ा पकड़कर लेट गया.

जॉन हेनरी ने कहा, "मैं थक गया हूं. लेकिन मैंने मशीन को हरा दिया, जैसा मैंने कहा था." फिर उसने अपनी आंखें बंद कर लीं और वो सदा के लिए सो गया.

पोली एन ने जॉन हेनरी को बिग-बेंड सुरंग के पास ही दफनाया. उसने जॉन हेनरी को, हाथ में हथौड़ा थामे ही दफनाया.